वर्ष 33 अंक 45
पृष्ठ 22
बरेली, शुक्रवार
27 अक्टूबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO.: 8 MIDDLE

एसआरएमएस में जुटेंगे देश-दुनिया के डॉक्टर

एसआरएमएस द्वारा आयोजित तीन दिनी राष्ट्रीय कांफ्रेंस के बारे में जानकारी देते आदित्य मूर्ति •

जासं, बरेली : एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में शुक्रवार को जनरल मेडिसिन विभाग एवं एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस (यूपी चैप्टर) की मदद से 'यूपी एपीकॉन व मेडिसिन अपडेट 2017' विषय पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ होगा।

तीन दिवसीय इस कांफ्रेंस में देश-दुनिया के करीब 400 नामचीन चिकित्सक उपस्थिति होंगे। वे मुख्य विषय स्टैंडर्ड केयर इन मेडिसिन पर अपना व्याख्यान देंगे। इसके साथ ही मेडिकल स्टूडेंटस को चिकित्सा-शोध क्षेत्र के बदलावों से अवगत कराएंगे। गुरुवार को कांफ्रेंस को लेकर प्रेसवार्ता हुई। शिक्षकों ने बताया कि कांफ्रेंस में

'यूपी एपीकॉन व मेडिसिन अपडेट 2017' विषय पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस आज से

इंग्लैंड के हार्ट ऑफ बर्मिंघम से डॉ. राज चंद्रप्पा, एम्स नई दिल्ली, लेडी हार्डिंग, पीजीआइ, एएमयू, बीएचयू, समेत देश-दुनिया के नामचीन संस्थानों के चिकित्सक न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, क्रिटिकल केयर आदि पर भी व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। मेडिकल स्टूडेंट्स दवाओं से लेकर तमाम तरह के शोध, तकनीक से रूबरू होंगे। एसआरएमएस के प्रबंध निदेशक आदित्य मूर्ति ने कहा कि यह कांफ्रेंस चिकित्सा जगत व छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।